राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

शिमला, मंगलवार, 15 सितम्बर, 2009 / 24 भाद्रपद, 1931

हिमाचल प्रदेश सरकार

योजना विभाग
(अर्थ एवं सांख्यिकी)

अधिसूचना

31 अगस्त, 2009

संख्या पी0एल0जी0–ए(3)–5 / 2007(निजी सचिव).––हिमाचल प्रदेश की राज्यपाल, भारत के संविधान के अनुछेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रद्त्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के परामर्श से, अर्थ एवं सांख्यिकी विभाग में निजी सचिव, वर्ग–I (राजपत्रित) के पद के लिए इस अधिसूचना से संलग्न ''उपाबंध–क'' के अनुसार भर्ती और प्रोन्नति नियम बनाती है, अर्थात् :––

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.––**(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश अर्थ एवं सांख्यिकी विभाग, निजी सचिव, वर्ग–I (राजपत्रित) भर्ती और प्रोन्नति नियम, 2009 है।

(2) ये नियम राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित किए जाने की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

आदेश द्वारा,
हस्ताक्षरित / –
प्रधान सचिव।

————————

उपाबन्ध ''क''

हिमाचल प्रदेश अर्थ एवं सांख्यिकी विभाग में निजी सचिव, वर्ग–I (राजपत्रित) के पद के लिए भर्ती एवं प्रोन्नति नियम

1. **पद का नाम.––**निजी सचिव

2. **पदों की संख्या.––**01 (एक)

3. **वर्गीकरण.––**वर्ग–I (राजपत्रित)

4. **वेतनमान.––**7220–220–8100–275–10300–340–11660 रूपये ।
; (विस्तृत रूप में अंकित करें)।

5. **चयन पद अथवा अचयन पद.––**अचयन ।

6. **सीधी भर्ती के लिए आयु.––**लागू नहीं।

7. **सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित न्यूनतम शैक्षिक और अन्य अर्हताएं.––** लागू नहीं।

8. **सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्ति (व्यक्तियों) की दशा में लागू होंगी या नहीं.––आयु.––**लागू नहीं।

शैक्षिक अर्हताएं.––लागू नहीं।

9. **परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो.––**दो वर्ष, जिसका एक वर्ष से अनधिक ऐसी और अवधि के लिए विस्तार किया जा सकेगा, जैसा सक्षम प्राधिकारी विशेष परिस्थितियों में और लिखित कारणों से आदेश दें।

10. **भर्ती की पद्धतिः भर्ती सीधी होगी या प्रोन्नति, प्रतिनियुक्ति, स्थानान्तरण द्वारा और विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने वाले पद (पदों) की प्रतिशतता.––**शतप्रतिशत प्रोन्नति द्वारा, ऐसा न होने पर सेकेण्डमेंट आधार पर ।

11. **प्रोन्नति, प्रतिनियुक्ति या स्थानान्तरण की दशा में श्रेणियां, जिनसे प्रोन्नति, प्रतिनियुक्ति, स्थानान्तरण किया जाएगा.––** निजी सहायक में से प्रोन्नति द्वारा, जिनका ग्रेड में 5 वर्ष का नियमित सेवाकाल या ग्रेड में की गई लगातार तदर्थ सेवा यदि कोई हो, को सम्मिलित करके 5 वर्ष का नियमित सेवाकाल हो। ऐसा न होने पर वरिष्ठ वेतनमान आशुलिपिकों में से जिनका ग्रेड में 11 वर्ष का नियमित सेवाकाल या ग्रेड में की गई लगातार तदर्थ सेवा को सम्मिलित करके 11 वर्ष का नियमित सेवाकाल हो। ऐसा न होने पर वरिष्ठ वेतनमान आशुलिपिकों में से, प्रोन्नति द्वारा जिनका वरिष्ठ वेतनमान आशुलिपिक और कनिष्ठ वेतनमान आशुलिपिक के रूप में संयुक्त रूप में 16 वर्ष का नियमित सेवाकाल या ग्रेड में की गई लगातार तदर्थ सेवा सहित संयुक्त नियमित सेवाकाल हो जिसके अंतर्गत 4 वर्ष का सेवाकाल वरिष्ठ वेतनमान आशुलिपिक के रूप

में अनिवार्य होगा ऐसा न होने पर हिमाचल प्रदेश सरकार के अन्य विभागों से समतुल्य वेतनमान में कार्यरत इस पद के पदधारियों में से सेकेंडमेन्ट द्वारा।

(1) प्रोन्नति के सभी मामलों में पद पर नियमित नियुक्ति से पूर्व सम्भरक (पोषक) पद में की गई लगातार तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, प्रोन्नति के लिए इन नियमों में यथाविहित सेवाकाल के लिए, इस शर्त के अधीन रहते हुए गणना में ली जाएगी, कि सम्भरक प्रवर्ग में तदर्थ नियुक्ति / प्रोन्नति भर्ती और प्रोन्नति नियमों के उपबन्धों के अनुसार चयन की उचित स्वीकार्य प्रक्रिया को अपनाने के पश्चात की गई थी;

परन्तु उन सभी मामलों में, जिनमें कोई कनिष्ठ व्यक्ति सम्भरक पद में अपने कुल सेवाकाल (तदर्थ आधार पर की गई सेवा सहित, जो नियमित सेवा / नियुक्ति के अनुसरण में हो) के आधार पर उपर्युक्त निर्दिष्ट उपबन्धों के कारण विचार किए जाने का पात्र हो जाता है, वहां अपने–अपने प्रवर्ग / पद / काडर में उससे वरिष्ठ सभी व्यक्ति विचार किए जाने के पात्र समझे जाएंगे और विचार करते समय कनिष्ठ व्यक्ति से ऊपर रखे जाएंगे :

परन्तु यह और कि उन सभी पदधारियों की, जिन पर प्रोन्नति के लिए विचार किया जाना है, कम से कम तीन वर्ष न्यूनतम अर्हता सेवा या पद के भर्ती एवं प्रोन्नति नियमों में विहित सेवाए जो भी कम हो, होगीः

परन्तु यह और भी कि जहां कोई व्यक्ति पूर्वगामी परन्तुक की अपेक्षाओं के कारण प्रोन्नति किए जाने संबंधी विचार के लिए अपात्र हो जाता है, वहां उससे कनिष्ठ व्यक्ति भी ऐसी प्रोन्नति के विचार के लिए अपात्र समझा जाएगा / समझे जाएंगे।

स्पष्टीकरण.––अन्तिम परन्तुक के अंतर्गत कनिष्ठ पदधारी प्रोन्नति के विचार के लिए अपात्र नहीं समझा जाएगा। यदि वरिष्ठ अपात्र व्यक्ति भूतपूर्व सैनिक है, जिसे डिमोबिलाईजड आर्म्ड फोर्सिस परसोनेल (रिजर्वेशन आफ वेकेन्सीज इन दी हिमाचल स्टेट नॉन टैक्नीकल सर्विसीज) रूल्ज, 1972 के नियम–3 के उपबन्धों के अंतर्गत भर्ती किया गया है और इनके अंतर्गत वरीयता लाभ दिए गए हों या जिसे एक्स–सर्विसमैन (रिजर्वेशन आफ वेकेन्सीज इन दी हिमाचल स्टेट टैक्नीकल सर्विसीज) रूल्ज, 1985 के नियम–3 के उपबन्धों के अंर्तगत भर्ती किया गया हो और इनके अंर्तगत वरीयता लाभ दिए गए हों।

(2) इसी प्रकार, स्थायीकरण के सभी मामलों में ऐसे पद पर नियमित नियुक्ति / प्रोन्नति से पूर्व सम्भरक पद पर की गई लगातार तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, सेवाकाल के लिए गणना में ली जाएगी, यदि तदर्थ नियुक्ति / प्रोन्नति उचित चयन के पश्चात् और भर्ती और प्रोन्नति नियमों के उपबन्धों के अनुसार की गई थी :

परन्तु की गई उपर्युक्त निर्दिष्ट तदर्थ सेवा को गणना में लेने के पश्चात जो स्थाईकरण होगा उसके फलस्वरूप, पारस्परिक वरीयता अपरिवर्तित रहेगी।

12. यदि विभागीय प्रोन्नति समिति विद्यमान हो तो उसकी संरचना.––जैसी कि सरकार द्वारा समय–समय पर गठित की जाए।

13. भर्ती करने में जिन परिस्थितियों में हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा.––जैसा विधि द्वारा अपेक्षित हो ।

14. सीधी भर्ती के लिए अनिवार्य अपेक्षा.––लागू नहीं।

15. सीधी भर्ती द्वारा पद पर नियुक्ति के लिए चयन.––लागू नहीं।

16. आरक्षण.––सेवा में नियुक्ति, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा, समय–समय पर अनुसूचित जातियों / अनुसूचित जन–जातियों / पिछड़े वर्गों और अन्य प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए सेवा में आरक्षण की बावत जारी किए गए अनुदेशों के अध्यधीन होगी।

17. विभागीय परीक्षा.––सेवा के प्रत्येक सदस्य को समय–समय पर यथा संशोधित हिमाचल प्रदेश विभागीय परीक्षा नियम, 1997, में यथाविहित विभागीय परीक्षा पास करनी होगी।

18. शिथिल करने की शाक्ति.––जहां राज्य सरकार की यह राय हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह कारणों को लिखित में अभिलिखित करके और हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के परामर्श से, आदेशों द्वारा, इन नियमों के किन्हीं उपबंधों को किसी वर्ग या व्यक्तियों के प्रवर्ग या पदों की बावत, पदों की बावत, शिथिल कर सकेगी।

———————

[*Authoritative English text of Government Notification No.PLG-A*(3)-5/2007 *(Private Secretary) Dated* 31-8-2009*, as required under clause*(3) *of Article* 348 *of the constitution of India*].

PLANNING DEPARTMENT
(Economics & Statistics)

NOTIFICATION

the 31st *August,* 2009

No. PLG-A(3)-5/2007(Private Secretary).—In exercise of the powers conferred by proviso to Article 309 of the Constitution of India, the Governor, Himachal Pradesh in consultation with the Himachal Pradesh Public Service Commission, is pleased to make the Recruitment and Promotion Rules for the post of Private Secretary, Class-I, (Gazetted) in the Department of Economics and Statistics, Himachal Pradesh, as per "Annexure-A" attached to this notification, namely:—

1. **Short title and commencement**.—(1) These rules may be called the Department of Economics and Statistics, Himachal Pradesh, Private Secretary, Class-I, (Gazetted) Recruitment and Promotion rules, 2009.

(2) These rules shall come into force from the date of publication in the Rajpatra, Himachal Pradesh.

By order,
Sd/-
Principal Secretary.

———————

RECRUITMENT AND PROMOTION RULES FOR THE POST OF PRIVATE SECRETARY, CLASS-I (GAZETTED) IN THE DEPARTMENT OF ECONOMICS AND STATISTICS, HIMACHAL PRADESH

1. **Name of the post.—**Private Secretary

2. **Number of posts.—**01 (One)

3. **Classification.—**Class-I (Gazetted)

4. **Scale of pay.—** Rs.7220-220-8100-275-10300-340-11660
(Be given in expanded notation).

5. Whether Selection post or nonselection posts.—Non Selection

6. Age for direct recruitment.—Not applicable.

7. Minimum Educational & other qualifications required for direct recruits.—Not applicable.

8. Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees.—Age.—Not applicable.

Education Qualification.—Not applicable.

9. Period of probation, if any.—Two years subject to such further extension for a period not exceeding one year as may be ordered by the competent authority in special circumstances and reasons to be recorded in writing.

10. Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion, deputation, transfer and the percentage of posts to be filled in by various methods.—100% by promotion failing which on secondment basis.

11. In case of recruitment by promotion, deputation, transfer, grade from which promotion/transfer is to be made.—By promotion from amongst the Personal Assistant who possesses 5 years regular service or regular combined with continuous *adhoc* service rendered, if any in the grade failing which from amongst the Senior Scale Stenographers, having eleven years regular service or regular combined with continuous *adhoc* service rendered, if any, in the grade, failing which by promotion from amongst the Senior Scale Stenographers having sixteen years regular service or regular combined with continuous *adhoc* service combined as Senior Scale Stenographer and Junior Scale Stenographers which shall include 4 years essential service as Senior Scale Stenographer failing which on secondment from amongst the incumbents of this post working in the identical pay scale in other Himachal Pradesh Government Departments.

(1) In all cases of promotion, the continuous ad-hoc service rendered in the feeder post, if any, prior to regular appointment to the post shall be taken into account towards the length of service as prescribed in these rules for promotion subject to the condition that the *adhoc* appointment/promotion in the feeder category had been made after following proper acceptable process of selection in accordance with the provision of R&P Rules;

In all cases where a junior person become eligible for consideration by virtue of his total length of service (including the service rendered on *adhoc* basis followed by regular service/ appointment) in the feeder post in view of the provisions referred to above, all persons senior to him in the respective category/post/cadre shall be deemed to be eligible for consideration and placed above the junior person in the field of consideration.

Provided further that all incumbents to be considered for promotion shall possess the minimum qualifying service of at least 03 years or that prescribed in the R&P Rules for the post whichever is less.

Provided further that where a junior person becomes ineligible to be considered for promotion on account of the requirements of the preceding proviso, the person(s) junior to him shall also be deemed to be ineligible for consideration for such promotion.

Explanation.—The last proviso shall not render the junior incumbents ineligible for consideration for promotion if the senior ineligible persons happened to be Ex-servicemen recruited

under the provisions of Rule-3 of the Demobilized Armed Forces Personnel (Reservation of Vacancies in Himachal State Non-Technical Services), 1972 and having been given the benefit of seniority there under or recruited under the provisions of Rule-3 of the Ex-Servicemen (Reservation of Vacancies in the Himachal Pradesh Technical Services) Rules, 1985 and having been given the benefit of seniority there under.

(2) Similarly, in all cases of confirmation continuous *adhoc* service rendered on the feeder post, if any, prior to the regular appointment against such post shall be taken into account towards the length of service, if the *adhoc* appointment/promotion had been made after proper selection and in accordance with the provision of the R&P Rules;

Provided that *inter-se*-seniority as a result of confirmation after taking into account, adhoc service rendered as referred to above shall remain unchanged.

12. If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition?—As may be constituted by the Government from time to time.

13. Circumstances under which the H.P. Public Service Commission to be consulted in making recruitment.—As required under the law.

14. Essential requirement for a directrecruitment.—Not applicable.

15. Selection for appointment to post by direct recruitment.—Not applicable.

16. Reservation.—The appointment to the service shall be subject to orders regarding reservation in the service for Scheduled Castes/Scheduled Tribes/Other Backward Classes/other categories of persons issued by the Himachal Pradesh Government from time to time.

17. Departmental Examination.—Every member of the service shall pass a Departmental Examination as prescribed in the H.P. Departmental Examination Rules, 1997, as amended from time to time.

18. Powers to Relax.—Where the State Government is of the opinion that it is necessary or expedient to do so, it may, by order for reasons to be recorded in writing and in consultation with the H.P. Public Service Commission, relax any of the provisions of these Rules with respect to any class or category of persons or posts.

———————

हिमाचल प्रदेश ग्यारहवीं विधान सभा

अधिसूचना

शिमला–4, 26 अगस्त, 2009

संख्या वि0 स0–लैज–गवरनमैंट बिल / 1–39 / 2009.––हिमाचल प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली, 1973 के नियम 140 के अन्तर्गत मंत्रियों के वेतन और भत्ता (हिमाचल प्रदेश) संशोधन विधेयक, 2009 (2009 का विधेयक संख्यांक 21) जो आज दिनांक 26 अगस्त, 2009 को हिमाचल

प्रदेश विधान सभा में पुरःस्थपित हो चुका है, सर्व–साधारण की सूचनार्थ राजपत्र में मुद्रित करने हेतु प्रेषित किया जाता है।

हस्ताक्षरित / –
(गोवर्धन सिंह),
सचिव।

————————

2009 का विधेयक संख्यांक 21

मंत्रियों के वेतन और भत्ता (हिमाचल प्रदेश) संशोधन विधेयक, 2009

(विधान सभा में पुरःस्थापित रूप में)

मंत्रियों के वेतन और भत्ता (हिमाचल प्रदेश) अधिनियम, 2000 (2000 का अधिनियम संख्यांक 11) का और संशोधन करने के लिए **विधेयक**।

भारत गणराज्य के साठवें वर्ष में हिमाचल प्रदेश विधान सभा द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :––

1. **संक्षिप्त नाम.––**(1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम मंत्रियों के वेतन और भत्ता (हिमाचल प्रदेश) संशोधन विधेयक, 2009 है।

2. **धारा 3 का संशोधन.––**मंत्रियों के वेतन और भत्ता (हिमाचल प्रदेश) अधिनियम, 2000 (जिसे इसमें इसके पश्चात् ''मूल अधिनियम'' निर्दिष्ट किया गया है) की धारा 3 की उपधारा (1) के खण्ड (क) से (घ) के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड रखे जाएंगे, अर्थात् :–

''(क)	मुख्य मन्त्री	चौंतीस हजार रुपए प्रतिमास;
(ख)	कैबिनेट मन्त्री	इकतीस हजार रुपए प्रतिमास;
(ग)	राज्य मन्त्री	अट्ठाईस हजार रुपए प्रतिमास; और
(घ)	उप मन्त्री	सत्ताईस हजार रुपए प्रतिमास।''।

3. **धारा 10 का संशोधन**.––मूल अधिनियम की धारा 10 की उपधारा (1) के प्रथम परन्तुक में ''सात हजार रुपए'' शब्दों के स्थान पर ''दस हजार रुपए'' शब्द रखे जाएंगे ।

वित्तीय ज्ञापन

विधेयक के खण्ड 2 और 3 के अधिनियमित किये जाने पर राजकोष से प्रतिवर्ष लगभग 27.36 लाख रुपये का अतिरिक्त आवर्ती व्यय होगा।

————————

प्रत्यायोजित विधान समबन्धी ज्ञापन

–शून्य–

————————

भारत के संविधान के अनुच्छेद 207 के अधीन राज्यपाल की सिफारिशें

[जी0ए0डी0 फाईल नं0 जी0ए0डी0–सी(डी)6–1 / 2004]

हिमाचल प्रदेश की राज्पाल, मंत्रियों के वेतन और भत्ता (हिमाचल प्रदेश) संशोधन विधेयक, 2009 की विषयवस्तु के बारे में सूचित किए जाने के पश्चात्, भारत के संविधान के अनुच्छेद 2007 के अधीन, विधेयक को विधान सभा में पुरःस्थापित करने और उस पर विचार करने की सिफारिशे करती हैं।

————————

उद्देश्यों और कारणों का कथन

निर्वाह व्यय और यथेष्ठ खर्चों, जो कि माननीय मन्त्रियों, जन प्रतिनिधि के रूप में जनजीवन की विभिन्न मांगों के कारण उपगत करने पड़ते हैं, में तीव्र वृद्धि के कारण उनके विद्यमान वेतन और दूरभाष भत्ते को बढ़ाना आवश्यक समझा गया है। इसलिए मन्त्रियों के वेतन और भत्ता (हिमाचल प्रदेश) अधिनियम, 2000 में संशोधन करना आवश्यक समझा गया है।

यह विधेयक उपर्युक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए है।

प्रेम कुमार धूमल,
मुख्य मंत्री।

शिमला.....
दिनांक..... अगस्त, 2009

————————

AUTHORITATIVE ENGLISH TEXT

Bill No. 21 of 2009

THE SALARIES AND ALLOWANCES OF MINISTERS (HIMACHAL PRADESH) AMENDMENT BILL, 2009

(AS INTRODUCED IN THE LEGISLATIVE ASSEMBLY)

A

BILL

further to amend the Salaries and Allowances of Ministers (Himachal Pradesh) Act, 2000 (Act No. 11 of 2000).

BE it enacted by the Legislative Assembly of Himachal Pradesh in the Sixtieth Year of the Republic of India as follows:—

1. Short title.—This Act may be called the Salaries and Allowances of Ministers (Himachal Pradesh) Amendment Act, 2009.

2. Amendment of section 3.—In section 3 of the Salaries and Allowances of Ministers (Himachal Pradesh) Act, 2000 (11 of 2000) (hereinafter referred to as the "principal Act"), in sub-section (1), for clauses (a) to (d), the following clauses shall be substituted, namely:—

"(a)	**Chief Minister**	**Rupees thirty four thousand per mensem;**
(b)	**Cabinet Minister**	**Rupees thirty one thousand per mensem;**
(c)	**Minister of State**	**Rupees twenty eight thousand per mensem; and**
(d)	**Deputy Minister**	**Rupees twenty seven thousand per mensem.".**

3. Amendment of section 10.—In section 10 of the principal Act, in sub-section (1), in the first proviso, for the words "**seven thousand rupees",** the words **"ten thousand rupees"** shall be subsitituted.

———

STATEMENT OF OBJECTS AND REASONS

Due to sharp increase in the cost of living and the considerable expenses which an Hon'ble Ministers, as a public representative has to incur on account of various demands of the public life, it has been considered necessary to increase their existing salaries and telephone allowance. This has neccessitated the amendments in the Salaries and Allowances of Ministers (Himachal Pradesh) Act, 2000.

This Bill seeks to achieve the aforesaid objectives.

PREM KUMAR DHUMAL,
Chief Minister.

Shimla :

The……August, 2009.

———

FINANCIAL MEMORANDUM

Clauses 2 and 3 of the Bill, when enacted, will entail additional recurring expenditure out of the State Exchequer to the tune of Rs. 27.36 lakhs per annum approximately.

———

MEMORANDUM REGARDING DELEGATED LEGISLATION

—Nil—

RECOMMENDATIONS OF THE GOVERNOR UNDER ARTICLE 207 OF THE CONSITUTION OF INDIA
[GAD File No. GAD-C(D)-(6)-1/2004]

The Governor of Himachal Pradesh after having been informed of the subject matter of the Salaries and Allowances of Ministers (Himachal Pradesh) Amendment Bill, 2009, recommends, under article 207 of the Consitution of India, the introduction and consideration of the Bill in the State Legislative Assembly.

Sections to be effected due to the proposed amendments in The Salaries and Allowances of Ministers (Himachal Pradesh) Act, 2000.

3. Salaries and allowances.—(1) Each Minister shall be entitled to receive a salary at the following rates, namely :—

(a)	Chief Minister	Eighteen thousand rupees per mensem;
(b)	Cabinet Minister	Fifteen thousand rupees per mensem;
(c)	Minister of State	Eleven thousand rupees per mensem; and
(d)	Deputy Minister	Ten thousand rupees per mensem.

(2) Each Minister shall be entitled to receive compensatory allowance at the rate of five thousand rupees per mensem.

(3) Each Minister shall be entitled to receive an allowance for each day during the whole of his term at the same rate as specified in clause (ii) of sub-section (1) of section 4 of the Himachal Pradesh Legislative Assembly (Allowances and Pension of Members) Act, 1971.

Section 10. Free installation of telephone.—(1) Each Minister shall be entitled to have a telephone installed at any place within his constituency or at his permanent place of residence, if such facility is available at such place at normal rates and without incurring any additional cost, as may be specified by him, and after the place of installation is so specified, the charges for first installation of security deposit and annual rent for, such telephone shall be borne by the State Government and all other expenses such as those relating to, local and outside calls shall be paid by the Minister:

Provided that the expenditure on local and outside calls incurred by a Minister in any month shall be reimbursed by the Government subject to a maximum of (seven thousand) rupees:

Provided further that a Minister may continue to avail himself of the facility of telephone provided to him for a period not exceeding 15 days from the date of his ceasing to be a Minister.

(2) All expenses which are payable by a Minister in relation to the telephone installed under sub-section (1) shall be paid by him directly in cash and if it is not so done, the same may be adjusted by the State Government against any amount due to him from the State Government.

———————

हिमाचल प्रदेश ग्यारहवीं विधान सभा

अधिसूचना

शिमला, 26 अगस्त, 2009

संख्या वि0स0–लैज–गवरनमैंट बिल / 1–38 / 2009.––हिमाचल प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली, 1973 के नियम 140 के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष वेतन (संशोधन) विधेयक, 2009 (2009 का विधेयक संख्यांक 22) जो आज दिनांक 26 अगस्त, 2009 को हिमाचल प्रदेश विधान सभा में पुरःस्थापित हो चुका है, सर्व–साधारण की सूचनार्थ राजपत्र में मुद्रित करने हेतु प्रेषित किया जाता है।

हस्ताक्षरित / –
(गोवर्धन सिंह),
सचिव।

———————

2009 का विधेयक संख्यांक 22

हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष वेतन (संशोधन) विधेयक, 2009

(विधान सभा में पुरःस्थापित रूप में)

हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष वेतन अधिनियम, 1971 (1971 का अधिनियम संख्यांक 4) का और संशोधन करने के लिए **विधेयक**।

भारत गणराज्य के साठवें वर्ष में हिमाचल प्रदेश विधान सभा द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :––

1. **संक्षिप्त नाम.**––इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष वेतन (संशोधन) अधिनियम, 2009 है।

2. **धारा 3 का संशोधन .**––हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष वेतन अधिनियम, 1971 (1971 का 4), (जिसे इसमें इसके पश्चात् ''मूल अधिनियम'' निर्दिष्ट किया गया है) की धारा 3 की उपधारा (1) में शब्द ''पन्द्रह हजार रुपए'' के स्थान पर ''इकतीस हजार रुपए'' शब्द रखे जाएंगे।

3. **धारा 4 का संशोधन.**––मूल अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (1) में ''ग्यारह हजार रुपए'' शब्दों के स्थान पर ''अट्ठाईस हजार रुपए'' शब्द रखे जाएंगे।

4. **धारा 8 का संशोधन.**––मूल अधिनियम की धारा 8 की उपधारा (1) के प्रथम परन्तुक में ''सात हजार रुपए'' शब्दों के स्थान पर ''दस हजार रुपए'' शब्द रखे जाएंगे।

उद्देश्यों और कारणों का कथन

निर्वाह व्यय और उन यथेष्ठ खर्चों, जोकि माननीय अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को जन प्रतिनिधि के रूप में जनजीवन की विभिन्न मांगों के कारण उपगत करने पड़ते हैं, में तीव्र वृद्धि के कारण उनके विद्यमान वेतन और दूरभाष भत्ते को बढ़ाना आवश्यक समझा गया है। इसलिए, हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष वेतन अधिनियम, 1971 में संशोधन किया जाना आवश्यक समझा गया है।

यह विधेयक उपर्युक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए है।

प्रेम कुमार धूमल,
मुख्य मन्त्री।

शिमला .....

तारीख ..... अगस्त, 2009

————————

वित्तीय ज्ञापन

विधयेक के खण्ड 2, 3 और 4 के अधिनियमित किये जाने पर राजकोष से प्रतिवर्ष लगभग 4.68 लाख रुपए का अतिरिक्त आवर्ती व्यय होगा।

प्रत्यायोजित विधान सम्बन्धी ज्ञापन

–शून्य–

भारत के संविधान के अनुच्छेद 207 के अधीन राज्यपाल की सिफारिशें

[जी0ए0डी0 फाईल नं0 जी0ए0डी0–सी (डी) 6–1 / 2006]

हिमाचल प्रदेश की राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष वेतन (संशोधन) विधेयक, 2009 की विषय–वस्तु के बारे में सूचित किए जाने के पश्चात्, भारत के संविधान के अनुच्छेद 207 के अधीन, विधेयक को विधान सभा में पुरःस्थापित करने और उस पर विचार करने की सिफारिश करती हैं।

————————

इस संशोधन विधेयक द्वारा सम्भाव्य प्रभावित होने वोल हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष वेतन अधिनियम, 1971 (1971 का 4) के उपबन्धों के उद्धरण।

अध्यक्ष का वेतन आदि.––(1) अध्यक्ष प्रतिमाह पन्द्रह हजार रुपये की दर से वेतन और अपनी सम्पूर्ण अवधि के दौरान प्रत्येक दिन के लिए हिमाचल प्रदेश विधान सभा (सदस्यों के भत्ते और पैन्शन) अधिनियम, 1971 की धारा 4 की उप–धारा (1) के खण्ड (ii) में यथा विनिर्दिष्ट दर पर भत्ता प्राप्त करने का हकदार होगा।

(1–अ) अध्यक्ष प्रतिमास पांच हजार रुपये की दर से प्रतिपूरक भत्ता प्राप्त करने का हकदार होगा।

(2) अध्यक्ष को उसकी पदावधि के दौरान राज्य सरकार द्वारा शिमला में निःशुल्क सुसज्जित गृह दिया जाएगा जिसके अनुरक्षण का प्रभार राज्य सरकार वहन करेगी। राज्य सरकार उसे उसके अध्यक्ष न रहने

की तारीख से पन्द्रह दिन से अनधिक की अवधि तक गृह का निःशुल्क अधिभोगी बने रहने की अनुज्ञा भी दे सकेगी।

'उपाध्यक्ष का वेतन आदि.—— (1) उपाध्यक्ष प्रतिमाह ग्यारह हजार रुपये की दर से वेतन और अपनी सम्पूर्ण अवधि के दौरान, प्रत्येक दिन के लिए, हिमाचल प्रदेश विधान सभा (सदस्यों के भत्ते और पैन्शन) अधिनियम, 1971 की धारा 4 की उप–धारा (1) के खण्ड (ii) में यथा विनिर्दिष्ट दर पर, भत्ता प्राप्त करने का हकदार होगा।

(1–अ) उपाध्यक्ष प्रतिमास पांच हजार रुपये की दर से प्रतिपूरक भत्ता प्राप्त करने का हकदार होगा।

(2) उपाध्यक्ष को उसकी पदावधि के दौरान राज्य सरकार द्वारा शिमला में निःशुल्क सुसज्जित गृह दिया जाएगा जिसके अनुरक्षण का प्रभार राज्य सरकार वहन करेगी या उसके बदले में उसे तीन सौ रुपये प्रतिमाह से अनधिक ऐसा भत्ता जो राज्य सरकार नियत करे, सन्दत्त किया जाएगा। राज्य सरकार उसे उसके उपाध्यक्ष न रहने की तारीख से पन्द्रह दिन से अनधिक की अवधि तक गृह का निःशुल्क अधिभोगी बने रहने की अनुज्ञा भी दे सकेगी।

स्पष्टीकरण.——उपाध्यक्ष किसी संदाय के लिए व्यक्तिगत रूप से दायी नहीं होगा, यदि उसका निवास के लिए आबंटित गृह का मानक किराया एक सौ पच्चास रुपये से अधिक हो जाता है।

8. टैलीफोन की निःशुल्क स्थापना.——(1) अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, प्रत्येक, अपने निर्वाचन के भीतर किसी स्थान पर या अपने स्थायी निवास स्थान पर जैसा कि वह विनिर्दिष्ट करे एक टैलीफोन स्थापित कराने का, यदि ऐसे स्थान पर, ऐसी सुविधा साधारण दरों और कोई अतिरिक्त उपगत किए बिना उपलब्ध है, हकदार होगा, और स्थापना के स्थान को इस प्रकार विनिर्दिष्ट किए जाने के पश्चात् ऐसे टैलीफोन की प्रथम स्थापना का प्रचार, प्रतिभूति निक्षेप और वार्षिक किराया राज्य सरकार द्वारा दिया जाएगा और अन्य जैसे कि स्थानीय या वाह्य कालों से सम्बन्धित व्यय यथास्थिति, अध्यक्ष या उपाध्यक्ष संदत्त किए जाएंगेः

परन्तु यह कि यथास्थिति, अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को जो इस उप–धारा के अधीन टैलीफोन (दूरभाष) स्थापित करता है, सात हजार रुपये प्रतिमास टैलीफोन भत्ता संदत्त किया जाएगा :

परन्तु यह और कि यथास्थिति, अध्यक्ष या उपाध्यक्ष उन्हें प्रदान की गई टैलीफोन सुविधा का उपयोग उनके, यथास्थिति, अध्यक्ष या उपाध्यक्ष न रहने की तारीख से अधिक से अधिक पन्द्रह दिन तक की अवधि तक करते रह सकेंगे।

(2) ऐसे सभी व्यय, जो उप–धारा (1) के अधीन स्थापित टैलीफोन के सम्बन्ध में अध्यक्ष या उपाध्यक्ष द्वारा देय है, यथास्थिति, अध्यक्ष या उपाध्यक्ष द्वारा सीधे नकद रूप से संदत्त किए जाएंगे और यदि ऐसा नहीं किया जाता तो वह राज्य सरकार द्वारा, यथास्थिति, अध्यक्ष या उपाध्यक्ष, को शोधय किसी राशि के विरुद्ध राज्य सरकार के द्वारा समायोजित किया जा सकेगा।

AUTHORITATIVE ENGLISH TEXT

Bill No. 22 of 2009

THE HIMACHAL PRADESH LEGISLATIVE ASSEMBLY SPEAKER'S AND DEPUTY SPEAKER'S SALARIES (AMENDMENT) BILL, 2009

(AS PASSED BY THE LEGISLATIVE ASSEMBLY)

A

BILL

further to amend the Himachal Pradesh Legislative Assembly Speaker's and Deputy Speaker's Salaries, Act, 1971 (Act No. 4 of 1971).

BE it enacted by the Legislative Assembly of Himachal Pradesh in the Sixtieth Year of the Republic of India as follows.—

1. Short title.—This Act may be called the Himachal Pradesh Legislative Assembly Speaker's and Deputy Speaker's Salaries (Amendment) Act, 2009.

2. Amendment of section 3.—In section 3 of the Himachal Pradesh Legislative Assembly Speaker's and Deputy Speaker's Salaries Act, 1971 (4 of 1971) (hereinafter referred to as the "principal Act"), in sub-section (1), for the words "fifteen thousand rupees", the words "thirty one thousand rupees" shall be substituted.

3. Amendment of section 4.—In section 4 of the principal Act, in sub-section (1), for the words "eleven thousand rupees", the words "twenty eight thousand rupees" shall be substituted.

4. Amendment of section 8.—In section 8 of the principal Act, in sub-section (1), in the first proviso, for the words "seven thousand rupees", the words "ten thousand rupees" shall be substituted.

———————

STATEMENT OF OBJECTS AND REASONS

Due to sharp increase in the cost of living and the considerable expenses which Hon'ble Speaker and Deputy Speaker, as a public representative has to incur on account of various demands of the public life, it has been considered necessary to increase their existing salaries and telephone allowance. This has necessitated the amendments in the Himachal Pradesh Legislative Assembly Speaker's and Deputy Speaker's Salaries Act, 1971.

This Bill seeks to achieve the aforesaid objectives.

PREM KUMAR DHUMAL,
Chief Minister.

Shimla :
The ..... August, 2009

———————

FINANCIAL MEMORANDUM

Clauses 2, 3 and 4 of the Bill, when enacted, will entail additional recurring expenditure out of the State Exchequer to the tune of Rs. 4.68 lakhs per annum approximately.

MEMORANDUM REGARDING DELEGATED LEGISLATION

-Nil-

RECOMMENDATIONS OF THE GOVERNOR UNDER ARTICLE 207 OF THE CONSTITUTION OF INDIA

[GAD File No. GAD-C(D)(6)-1/2006]

The Governor of Himachal Pradesh after having been informed of the subject matter of the Himachal Pradesh Legislative Assembly Speaker's and Deputy Speaker's Salarties (Amendment) Bill, 2009, recommends, under article 207 of the Constitution of India, the introduction and consideration of the Bill in the State Legislative Assembly.

Sections to be effected due to the proposed amendments in the Himachal Pradesh Legislative assembly Speaker's and Deputy Speaker's Salaries Act, 1971 (Act No. 4 of 1971).

3. Salary etc. of the Speaker.—(1) The Speaker shall be entitled to receive a salary at the rate of fifteen thousand rupees per mensem and an allowance for each day during the whole of his term at the same rates as are specifed in clause (ii) of sub-section (1) of section 4 of the Himachal Pradesh Legislative Assembly (Allowances and Pension of Members) Act, 1971.

(1-A) The Speaker shall be entitled ro receive compensatory allowance at the rate of five thousand rupees per mensem].

(2) The Speaker during the term of his office shall be provided by the State Government, a free furnished house at Shimla, the maintenance charges of which shall be borne by the State Government may also all him to continue in free occupation of the house for a period not exceeding fifteen days from the date of his ceasing to be the Speaker.

[1][3-A. XXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXX]

4. Salary etc. of the Deputy Speaker.—(1) The Deputy Speaker shall be entitled to receive a salary at the rate of eleven thousand rupees per mensem and an allowance for each day during the whole of his term at the same rates as are specified in clause (ii) of sub-section (1) of section 4 of the Himachal Pradesh Legislative Assembly (Allowances and Pension of Members) Act, 1971.

(1-A) The Deputy Speaker shall be entitled to receive compensatory allowance at the rate of five thousand rupees per mensem].

(2) The Deputy Speaker during the term of his office shall be provided by the State Government, a free furnished house at Shimla, the maintenance charges of which shall be borne by the State Government or in lieu thereof he shall be paid such allowance not exceeding three

hundred rupees per mensem as the State Government may fix. The State Government may also allow him to continue in free occupation of the house for period not exceeding fifteen days from the date of his ceasing to be the Deputy Speaker.

Explanation.—The Deputy Speaker shall not become liable personally for any payment in case the standard rent of the house allotted to him for residence exceeds one hundred and fifty rupees per mensem.

8. Free installation of the telephone.—(1) The Speaker and the Deputy Speaker shall each be entitled to have a telephone installed at any place within his constituency or at his permanent place of residence, if such facility is available at such place at normal rates and without incurring any additional cost, as may be specified by him and after the place of installation is so specified, the charges of first installation of, security deposit and annual rent for, such telephone shall be borne by the State Government and all other expenses such as those relating to local and outside calls shall be paid by the Speaker or the Deputy Speaker, as the case may be :

Provided that the Speaker or Deputy Speaker, as the case may be, who installs a telephone uder this sub-section shall be paid a telephone allowance at the rate of seven thousand rupees per mensem.] :

Provided further that the Speaker or the Deputy Speaker, as the case may be, may continue to avail himself of the facility of telephone provided to him for a period not exceeding 15 days from the date of his ceasig to be the Speaker or the Deputy Speaker, as the case may be].

(2) All expenses which are payable by the Speaker or the Deputy Speaker in relation to the telephone installed under sub-section (1) shall be paid by the Speaker or the Deputy Speaker, as the case may be, directly in cash and if it is not so done, the same may be adjusted by the State Government against any amount due to the Speaker or the Deputy Speaker, as the case may be, from the State Government.

हिमाचल प्रदेश ग्यारहवीं विधान सभा

अधिसूचना

शिमला–4, 26 अगस्त, 2009

संख्या वि0स0–लैज–गवरनमैंट बिल / 1–40 / 2009.—हिमाचल प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली, 1973 के नियम 140 के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश विधान सभा (सदस्यों के भत्ते और पेंशन) संशोधन विधेयक, 2009 (2009 का विधेयक संख्यांक 24) जो आज दिनांक 26 अगस्त, 2009 को हिमाचल प्रदेश विधान सभा में पुरःस्थापित हो चुका है, सर्वसाधारण की सूचनार्थ राजपत्र में मुद्रित करने हेतु प्रेषित किया जाता है।

हस्ताक्षरित / –
(गोवर्धन सिंह),
सचिव।

2009 का विधेयक संख्यांक 24

हिमाचल प्रदेश विधान सभा (सदस्यों के भत्ते और पेंशन) संशोधन विधेयक, 2009

(विधान सभा में पुरःस्थापित रूप में)

हिमाचल प्रदेश विधान सभा (सदस्यों के भत्ते और पेंशन) अधिनियम, 1971 (1971 का अधिनियम संख्यांक 8) का और संशोधन करने के लिए **विधेयक ।**

भारत गणराज्य के साठवें वर्ष में हिमाचल प्रदेश विधान सभा द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमत हो :––

1. **संक्षिप्त नाम.––**इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम, हिमाचल प्रदेश विधान सभा (सदस्यों के भत्ते और पेंशन) संशोधन अधिनियम, 2009 है ।

2. **धारा 3 का संशोधन.––**हिमाचल प्रदेश विधान सभा (सदस्यों के भत्ते और पेंशन) अधिनियम, 1971 (1971 का 8) (जिसे इसमें इसके पश्चात् ''मूल अधिनियम'' निर्दिष्ट किया गया है) की धारा 3 की उप–धारा (1) में ''आठ हजार रुपये'' शब्दों के स्थान पर ''पन्द्रह हजार रुपये'' शब्द रखे जाएंगे ।

3. **धारा 4–ख का प्रतिस्थापन.––**मूल अधिनियम की धारा 4–ख के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :––

> ''**4–ख निर्वाचन क्षेत्र भत्ता.––**प्रत्येक सदस्य को बीस हजार रुपये की दर से निर्वाचन क्षेत्र भत्ता प्रतिमास संदत्त किया जाएगा ।''।

4. **धारा 4–खख का प्रतिस्थापन.––**मूल अधिनियम की धारा 4–खख के स्थान पर निम्नलिखित धारा रखी जाएगी, अर्थात् :––

> ''**4–खख कार्यालय भत्ता.––**प्रत्येक सदस्य को पांच हजार रुपये प्रतिमास की दर से कार्यालय भत्ता संदत्त किया जाएगा ।''।

5. **धारा 5 का संशोधन.––**मूल अधिनियम की धारा 5 की उपधारा (2) के प्रथम परन्तुक में ''सात हजार रुपये'' शब्दों के स्थान पर ''दस हजार रुपए'' शब्द रखे जाएंगे ।

6. **धारा 6–क.क. का संशोधन.––**मूल अधिनियम की धारा 6–कक में ''सचिवीय डाक सुविधाओं और'' तथा ''सचिवीय, डाक सुविधाएं'' शब्दों का लोप किया जाएगा ।

7. **धारा 6–ख का संशोधन.––**मूल अधिनियम की धारा 6–ख में,––

> (क) उपधारा (1) में ''पांच हजार रुपये'' शब्दों के स्थान पर ''दस हजार रुपये'' शब्द रखे जाएंगे; और
>
> (ख) खण्ड (ङ) के प्रथम परन्तुक में ''दो सौ रुपये'' शब्दों के स्थान पर ''चार सौ रुपये'' शब्द रखे जाएंगे ।''।

————————

उद्देश्यों और कारणों का कथन

निर्वाह व्यय और उन यथेष्ठ खर्चों, जो राज्य विधान सभा के माननीय सदस्यों का जनप्रतिनिधि के रूप में जनजीवन की विभिन्न मांगों के कारण उपगत करने पड़ते हैं, में तीव्र वृद्धि के कारण उनकी विद्यमान

उपलब्धियों सुख–सुविधाओं में संशोधन की लगातार मांग रही है। इसलिए, हिमाचल प्रदेश विधान सभा (सदस्यों के भत्ते और पेन्शन) अधिनियम, 1971 में संशोधन करना आवश्यक समझा गया है।

यह विधेयक उपर्युक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए है।

प्रेम कुमार धूमल,
मुख्य मंत्री।

शिमला.....
दिनांक.....अगस्त, 2009.

———————

वित्तीय ज्ञापन

विधेयक के खण्ड 2 से 7 के अधिनियमित किए जाने पर राजकोष से प्रतिवर्ष लगभग 120 लाख रुपए का अतिरिक्त आवर्ती व्यय होगा।

प्रत्यायोजित विधान सम्बन्धी ज्ञापन

–शून्य–

———————

भारत के संविधान के अनुच्छेद 207 के अधीन राज्यपाल की सिफारिशें

[जी0ए0डी0 फाईल नं0 जी0ए0डी0–सी (डी) 6–1 / 2007]

हिमाचल प्रदेश की राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश विधान सभा (सदस्यों के भत्ते और पेन्शन) संशोधन विधेयक, 2009 की विषयवस्तु के बारे में सूचित किए जाने के पश्चात्, भारत के संविधान के अनुच्छेद 207 के अधीन, विधेयक को विधान सभा में पुरःस्थापित करने और उस पर विचार करने की सिफारिश करती हैं।

———————

इस संशोधन विधेयक द्वारा सम्भव्य प्रभावित होने वाले हिमाचल प्रदेश विधान सभा के (सदस्यों के भत्ते और पेन्शन) अधिनियम, 1971 (1971 का 8) के उपबन्धों के उद्धरण

3. वेतन और प्रतिकरात्मक भत्ता.––इसमें अन्तर्विष्ट शर्तों के अधीन रहते हुए प्रत्येक सदस्य को इस अधिनियम के प्रदत्त होने की तारीख से या उसके लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के अधीन सम्यक रूप से निर्वाचित घोषित किए जाने की तारीख से या यदि ऐसी घोषणा रिक्ति होने से पहले की गई हो, तो रिक्ति होने की तारीख से, इन दोनों में से जो भी बाद में हो, प्रति मास आठ हजार रुपये की दर से वेतन और पांच हजार रुपये की दर से प्रतिकरात्मक भत्ता संदत्त किया जाएगा।

(2) X X X X
(3) X X X X

(4) इसमें इससे पूर्व अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी किसी सदस्य को किसी ऐसी अवधि के, बारे में, जिसके दौरान यह तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन विधिक निरोध में या, कोई वेतन और प्रतिकरात्मक भत्ता संदत्त किया जाएगा।

स्पष्टीकरण.––इस प्रयोजन के लिए विधिक निरोध के अन्तर्गत किसी निवारक निरोध से सम्बन्धित विधि के अधीन निरोध नहीं है।

4–खख. कार्यालय भत्ता और चालक भत्ता.––प्रत्येक सदस्य को पांच हजार रुपये प्रतिमास की दर से कार्यालय भत्ता और चार हजार रुपये प्रतिमास की दर से चालक भत्ता दिया जाएगा।''।

5. सुख सुविधाएं.––(1) सदस्य, सभा की बैठक के स्थान पर, रियायती दरों पर ऐसे निवास स्थान का हकदार होगा जो धारा 7 के अधीन नियमों द्वारा विहित किया जाए।

(2) प्रत्येक सदस्य एक टैलीफोन अपने निर्वाचन क्षेत्र के किसी भी स्थान पर या अपने स्थायी निवास के स्थान पर, यदि ऐसे स्थान पर ऐसी सुविधा साधारण दरों पर और कोई अतिरिक्त व्यय उपगत किए बिना उपलब्ध है, या शिमला में, जैसा भी उसके द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए संस्थापित कराने का हकदार होगा और संस्थापन के स्थान के ऐसे विनिर्दिष्ट किए जाने के पश्चात् ऐसे टैलीफोन के प्रथम संस्थापन के लिए प्रभार और प्रतिभूति–निक्षेप और वार्षिक किराया राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा और अन्य सभी व्यय, वे जो कि स्थानीय या वाह्य कालों से सम्बन्धित हैं, सदस्य द्वारा संदत्त किए जाएंगे :

परन्तु ऐसे सदस्यों को, जो इस उप–धारा के अधीन टैलीफोन संस्थापित कराएगा प्रतिमास सात हजार रुपए की दर से टैलीफोन भत्ता संदत्त किया जाएगा :

परन्तु यह और कि यदि कोई सदस्य उसके निर्वाचन क्षेत्र में किसी भी स्थान पर या उसके स्थाई निवास स्थान पर या शिमला में टैलीफोन संस्थापित नहीं करता है, तो उसे प्रतिमास दो सौ रुपये की दर से टैलीफोन भत्ता संदत्त किया जाएगा।

6–कक, वेतन और प्रतिकरात्मक, निर्वाचन क्षेत्रीय, सचिवीय, डाक सुविधाओं और टैलीफोन भत्तों और अन्य परिलब्धियों का आय कर से अपवर्जित होना.––इस अधिनियम के अधीन सदस्य की संदेय वेतन और प्रतिकरात्मक, निर्वाचन क्षेत्रीय, सचिवीय, डाक सुविधाएं और टैलीफोन भत्ता और उसे अनुज्ञेय परिलब्धियां आय कर से अपवर्जित होंगी जो राज्य सरकार द्वारा संदेय होगा।

स्पष्टीकरण.––राज्य द्वारा संदेय आय कर की रकम आय कर के लिए निर्धारित आय की प्रथम स्लैब होगी, अर्थात् इस रकम के निर्धारण में सम्बन्धित सदस्य की आय के अन्य स्रातों को गिनती में नहीं लिया जाएगा।

6–ख––

(1) प्रत्येक व्यक्ति को, जिसने––

(क) विधान सभा के सदस्य, या

(ख) श्रेत्रीय परिषद् सदस्य, या

(ग) भागतः विधान सभा के सदस्य और भगतः क्षेत्रीय परिषद् के सदस्य, या

(घ) (1) पटियाला और पूर्वी पंजाब राज्य संघ के तत्कालीन राज्य की विधान सभा; या

(2) तत्कालीन पंजाब राज्य की विधान सभा, या

(3) तत्कालीन पंजाब राज्य की विधान परिषद्; या

(4) भागतः एक और भागतः दूसरी के सदस्य जिन्हें पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 के धारा 5 के अधीन हिमाचल प्रदेश में जोड़े गए पूर्ण क्षेत्र या उसके भाग का प्रतिनिधित्व करने के लिए निर्वाचित या नामनिर्दिष्ट किया गया है,

(ङ) भागतः विधान सभा के सदस्य और भागतः यथास्थिति, पटियाला और पूर्वी पंजाब राज्य क्षेत्र के तत्कालीन राज्य या तत्कालीन पंजाब राज्य की विधान सभा के सदस्य के रूप में पांच वर्ष तक किसी अवधि के लिए सेवा की है, प्रतिमास पांच हजार रुपए पेन्शन संदत्त की जाएगी :

परन्तु जहां किसी व्यक्ति ने पांच वर्ष से अधिक अवधि तक उपयुक्त रूप से सेवा की है, वह उसे प्रत्येक वर्ष के प्रतिमास दो सौ रुपए की अतिरिक्त पेन्शन संदत्त की जाएगी, किन्तु वर्ष के भाग को एक वर्ष के रूप में संगणित किया जाएगा :

